हकीकत | नगर निगम का दावा.. 50 हजार श्वानों का हो चुका है बधियाकरण

सिर्फ 1 डॉग शेल्टर होम के भरोसे शहर के एक लाख आवारा कुत्ते

शहर में अन्य कई इलाकों में नए डॉग शेल्टर होम की दरकार

विवेक दुबे

नवभारत, जबलपुर। शहर में आवारा कुत्तों की संख्या करीब एक लाख के पार हो चुकी है और ऐसे में शहर में एक मात्र कठौंदा स्थित डॉग शेल्टर होम इन आंकड़ों के मुताबिक आवारा कुत्तों को संभालने में दम तोड़ते नजर आ रहा है। जानकारों व नगर निगम के जिम्मेदारों द्वारा खुद कहा जाने लगा है कि अब कठौंदा के अलावा शहर में अन्य कई जगहों पर डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया जाए जिससे आवारा श्वानों को पकड़कर उनका यहां बधियाकरण हो सके और इन्हें यहां सुरक्षित रखा जा सके।

वर्ष 2012 से नगर निगम के पास

एक ही डॉग शेल्टर होम है जो कि कठौंदा में स्थानांतरित किया गया है। शहर में आए दिन आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने के बढ़ते मामले को लेकर भी नए डॉग शेल्टर होम की दरकार अब बेहद जरूरी हो गई है। कठौंदा से पहले कछपुरा ओवर ब्रिज के नीचे डॉग शेल्टर होम बनाया गया था जिसे बाद में कठौंदा शिफ्ट किया गया था। हालांकि नगर निगम प्रशासन का दावा है कि पिछले कुछ सालों में उसने सवा 5 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर 50 हजार श्वानों की नसबंदी करवाई है। वहीं वर्ष 2012 की पशु गणना में शहर में 12 हजार आवारा श्वान थे जो कि वर्ष 2018 की गणना में 24 हजार बताए गए हैं। लेकिन वास्तविक संख्या कई गुना है। अभी नगर निगम के पास जो डॉग शेल्टर होम है उसमें मात्र 5 श्वानों की एक बार में नसबंदी की सुविधा है। इन्हें भी एक सप्ताह तक भर्ती रखना होता है।

प्रतिदिन 100 लोग हो रहे शिकार

शहर में प्रतिदिन करीब 100 लोग आवारा श्वानों के शिकार बनते हैं। इनमें से करीब कई लोग तो प्रतिदिन जिला अस्पताल विक्टोरिया पहुंचते हैं जिन्हें फ्री में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए जाते हैं। शेष निजी अस्पतालों में ये इंजेक्शन लगवाते हैं। वहीं कामकाज से देर रात घर वापस जाने वाले साइकिल चालक, दो पहिया वाहन चालकों पर रात के वक्त आवारा कुत्ते खदेड़ते हुए हमला भी करते हैं।

इनका कहना है

माननीय कोर्ट के द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर हाउस में रखने निर्देशित किया है। जिसके बाद अब शहर में कठौंदा में स्थित डॉग शेल्टर होम के अलावा एक अन्य जगह शेल्टर होम की जरूरत है। निगमायुक्त महोदय को अवगत करा दिया गया है, जल्द ही नए डॉग शेल्टर होम की व्यवस्था की जाएगी।

अंकिता बर्मन
स्वास्थ्य अधिकारी, ननि

अज्ञात वाहन ने कुचला पुत्र की मौत, पिता घायल

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर के पास धरमपुरा दीनू महाराज के ढाबा के पास अज्ञात वाहन ने मोटर सायकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता घायल हो गया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शनिवार को प्रसन्न नामदेव 35 वर्ष निवासी पथरहा कुआ के पास गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने सूचना दी कि उसका भाई देवेन्द्र नामदेव एवं उनका बेटा उदय नामदेव अपनी मोटर सायकल से गोटेगांव से जबलपुर किसी काम से आ रहे थे दोपहर 11-30 बजे ग्राम सहजपुर के पास धरमपुरा दीनू महाराज के ढाबा के पास किसी वाहन ने पीछे से उसके बड़े भाई देवेन्द्र की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे उसके बड़े भाई देवेन्द्र को हाथ पैर एवं उदय नामदेव को सिर चेहरे में चोटें आने से बेहोश हो गया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था दौरान उपचार के उदय नामदेव 15 वर्ष की मौत हो गई।

युवती की हत्या, दुष्कर्म की आशंका

स्कूल के पीछे खून से सनी मिली लाश

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी स्थित सिमरिया में एक स्कूल के पीछे युवती की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौका-ए-वारदात पर पुलिस, एफएसएल टीम पहुंच गई और मामले की छानबीन कर अहम साक्ष्य जुटाए। आशंका जाहिर की जा रही है कि दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है।

पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी ने बताया कि एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पीछे ग्राम सिमरिया में एक किशोरी का शव मिलने की ग्राम कोटवार खेमलाल चड़ार 60 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया ने दी। सूचना मिलते ही दोपहर लगभग 12 बजे पहुंच पहुंच गइ तो पता चला कि एमएम इंटर नेशनल स्कूल के पीछे वीरेन्द्र सिंह ठाकुर के खेत के बाजू से कच्ची सड़क पर एक अज्ञात लड़की का शव पड़ा मिला। जिसके सिर, गर्दन में चोट के निशान थे। खून बह रहा था। मृतिका की उम्र लगभग 18 वर्षीय होगी। संभवत: पत्थर से हमला कर हत्या की गई। इसके साथ ही दुष्कर्म की भी आशंका भी है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर एवं एफएसएल अधिकारी अजय सिंह घटनास्थल पर पहुंचे थे।

एफएसएल, डॉग स्क्वाड पहुंचा

मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड को बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। एफएसएल अधिकारी नीता जैन ने बताया कि युवती के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान हैं। उन्होंने बताया कि मृतका के साथ दुष्कर्म की संभावना है।

कातिल, मृतिका की पहचान नहीं

सनसनीखेज हत्याकांड करने वाला कातिल कौन है और कहां का रहने वाला है इसका फिलहाल पता नहीं चल चल सका है। मृतिका की भी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आरोपित और मृतिका की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है पुलिस आसपास के गांवों में शिनाख्त के प्रयास कर रही है साथ हीथानों में दर्ज लापता युवतियों के रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है।

डॉक्टर की संदिग्ध मौत छानबीन में जुटी पुलिस

प्रॉपर्टी विवाद पर 27 फरवरी को होनी थी सुनवाई

जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत राइट टाउन में रहने वाली हार्ट मरीज डॉक्टर की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं उनकी करोड़ों की प्रॉपर्टी पर चल रहे विवाद की सुनवाई 27 को होनी थी।

पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि हार्ट की बीमारी से पीड़ित डॉ.हेमलता श्रीवास्तव 81 वर्ष को 7 जनवरी को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, दौरान उपचार के दोपहर लगभग 1-15 बजे डॉ.हेमलता श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। विदित हो कि प्रेम मंदिर के पास राइट टाउन में रहने वाली बुजुर्ग महिला डॉ हेमलता के पति और बेटे की मौत के बाद उनकी तबियत बिगड़ गई थी। उनकी करोड़ों की प्रॉपर्टी पर दान व वसीयत में दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। मामले में कलेक्टर राघवेन्द्र ने जांच के आदेश हुए थे। इसके बाद मामले की सुनवाई 27 फरवरी को शुरू होनी थी

खबरी तंत्र ध्वस्त : क्राइम ब्रांच की बैसाखियों पर थानों की पुलिस

डेढ़ माह में हुई कार्रवाईयां दे रहीं गवाही, मुखबिर तंत्र हुआ ध्वस्त

अजहर खान

जबलपुर। शहर में जब भी कोई बड़ी वारदात होती है तो थाने का वायरलेस गूंजने के साथ इसकी कायमी भी थाने में ही होती है लेकिन जब आरोपित को पकड़ने या अनसुलझे मामलों की गुत्थी सुलझाने की बात आती है तो थानों की पुलिस के खबरीं ध्वस्त होने के चलते वे मामलों से दूरी बना लेती है जिसके बाद असली खेल क्राइम ब्रांच वाले खेलते है। अधिकतर थानों की पुलिस सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह जाती है जिसके पीछे की मुख्य वजह उनके जमीनी मुखबिर धीरे-धीरे खत्म होना है। दरअसल वैसे तो 36 थानों में अपराधों की फाइलों की भरमार है, जिनमें से अनेक मामलें अनसुलझे भी है। जिनकी गुत्थी सुलझाने से लेकर अपराधियों पर कार्रवाई करने में क्राइम ब्रांच आगे निकल गई है। मुखबिरों से अधिकतर सूचनाएं अब क्राइम ब्रांच को मिल रही है जिसके आधार पर थानों की पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच कार्रवाईयों को अपने नाम दर्ज कर रही है। 1 जनवरी से 15 फरवरी तक हुई पुलिसिया कार्रवाईयों के आंकड़े गवाहीं दे रहे है कि शहर के थानों की पुलिस का मुखबिर तंत्र ध्वस्त हो चुका है और थाना पुलिस क्राइम ब्रांच की बैसाखियों पर चल रही है।

अनसुलझे प्रकरण से फूल जाते हैं हाथ-पांव

थानों के हालात ऐसे हो गए है कि अपराध के अनसुलझे बड़े मामलों की गुत्थी जब उलझ जाती है या फिर आरोपित थाना पुलिस की गिरफ्त से लंबे समय तक दूर रहते है तो पहले थानों की पुलिस अंधेरे में हाथ-पांव मारती नजर आती है। थाना प्रभारियों से लेकर संबंधित अपराध के विवेचक के जब हाथ-पांव फूल जाते तो उन्हें क्राइम ब्रांच की याद आती है। इसके साथ ही कई थानों में यह भी ट्रेंड बन गया है कि अगर केस उलझा हुआ है, तो सीधे वरिष्ठ अधिकारियों से सिफारिश कर मामला क्राइम को सौंप दिया जाता है। हालांकि क्राइम ब्रांच सीधे अपराधियों पर चोट कर रही है।

सांठगांठ या डिजिटल युग की लत

थाना स्तर पर पुलिस की पकड़ कमजोर होने के कारण अब बड़े से लेकर छोटे-बड़े मामलों की गुत्थी सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच पर निर्भरता बढ़ी है। सूत्रों की माने तो तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता थाना पुलिस मुखबिरों के बजाय तकनीकी, मोबाइल टावर लोकेशन और फुटेज पर ज्यादा भरोसा करने लगी है इससे जमीनी स्तर पर सूचनाओं का प्रवाह कम हो गया है। जबकि पुराने दौर के पुलिस अधिकारी, जिनका अपने इलाके में मजबूत नेटवर्क मुखबिर होते है लेकिन अब वे दौर खत्म होता नजर आ रहा है। क्राइम ब्रांच की कार्रवाई से यह सवाल भी उठ रहा है कि उनके क्षेत्र में क्राइम ब्रांच की दबिश संबंधित थाने की भूमिका पर सवाल उठा रही है।

ये कार्रवाईयां भी क्राइम ब्रांच के नाम

पनागर थाना अंतर्गत जयप्रकाश वार्ड में पिता-पुत्र पर हमला कर जेवरों से भरे जेवर लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियों को दबोचा। 9 जनवरी को क्राइम ब्रांच ने सटोरिए चंदन ठाकुर, 10 जनवरी को माढ़ोताल में चार लाख रूपए के गांजा समेत अंकित रैकवार, किशन मलिक, 10 जनवरी को सात आरोपियों को 20 चाकुओं के साथ पकड़ा। 16 जनवरी को गढ़ा में सात लाख का गांजा के साथ पति-पत्नी समेत तीन तस्करों, 18 जनवरी को बरगी में 7 किलो 900 ग्राम गांजा समेत राज उर्फ अकी, अमित उर्फ टक्कू को धरा। कटंगी में मोबाइल दुकान चोरी करने वाले दो आरोपी, 24 जनवरी को चार वाहन चोर, 25 जनवरी को माढ़ोताल में 8 लाख 27 हजार रूपए की स्मैक के साथ ऋषभ सोनकर एवं 2 फरवरी को बरगी ने तीन लाख 34 हजार का गांजा समेत शिवम, गोलू उर्फ अन्नू को दबोचा। 2 फरवरी को हनुमानताल में पिस्टल समेत रोहित चौधरी, सिवनी छपारा में चोरी कर जबलपुर पहुंचे शातिर चोर गुलफाम उर्फ गुड्डू पिता जब्बार को दबोचा। 6 फरवरी को गोरखपुर में 10 किलो 380 ग्राम गांजा, 9 फरवरी को वाहन चोरों राजकुमार, धमेन्द्र राजपूत, शिवम, को पांच वाहनों समेत पकड़ा। 8 फरवरी को 2.27 करोड़ की साइबर ठगी में दो ठग अजहर खालिक, नासीर एहमद को पकड़ा। 12 फरवरी को पिस्टल के साथ सोनू चक्रवर्ती को दबोचा। 13 फरवरी को हाथीताल से आठ लाख का गाजा समेत चंदन जैन उसकी मां राजुल जैन एवं 15 फरवरी को आठ लाख 64 हजार रूपए के कप सिरफ पकड़े। इसके अलावा भेड़ाघाट में 3 जनवरी को सहजपुर में हुई महेन्द्र साहू, गोहलपुर में 7 जनवरी को आकाश, 10 जनवरी को रिचा रजक, सिविल लाइन में हुई मोनू झारिया, आठ फरवरी को एकांश साहू की हत्या, पनागर में गैंगरेप के बाद महिला की हत्या को भी सुलझाने से लेकर आरोपियों की गिरफ्तार में तक अहम रोल क्राइम ब्रांच का रहा है।

वकील की हत्या के विरोध में आज अधिवक्ताओं का प्रतिवाद दिवस

जबलपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा में एक अधिवक्ता संजय सक्सेना को गोली मार कर की गई दिनदहाड़े हत्या के विरोध में पूरे राज्य के वकीलों ने आज सोमवार 16 फरवरी को प्रतिवाद दिवस मनाएंगे इस दौरान वे न्यायलीयन कार्य से विरत रहेंगे उल्लेखनीय है कि करैरा थाना पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर कर पकड़ा। पता चला है कि जमीन विवाद में सुपारी देकर वकील संजय सक्सेना की हत्या कराई गई है। अधिवक्ता की हत्या के विरोध में स्टेट बार कॉउंसिल ने प्रतिवाद दिवस मनाने का ऐलान किया है। इस कारण आज सोमवार को प्रदेशभर में वकील कोर्ट में हाजिर नहीं होंगे। एडवोकेट संजय सक्सेना की हत्या के मामले में करैरा पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है। इनमें से एक घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो अन्य आरोपियों से पुलिस फिलहाल करैरा थाने में पूछताछ कर रही है। हत्याकांड के मामले में पकड़े गए आरोपियों में 25 वर्षीय गोलू पुत्र अरविंद रावत, निवासी घुघसी, थाना बड़ौनी, 23 वर्षीय पपेंद्र पुत्र हरदास रावत, निवासी चांदपुर, डबरा और 24 वर्षीय जहीर पुत्र रफीक निवासी घुघसी थाना बड़ौनी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से पपेंद्र को शॉर्ट एनकाउंटर कर पकड़ा गया। उसके पैर में गोली लगी है। ये बात भी सामने आई है जमीन विवाद में सुपारी देकर संजय सक्सेना की हत्या कराई गई है। प्रदेश भर में सोमवार को प्रतिवाद दिवस वकील की गोली मारकर की गई हत्या से प्रदेशभर में गुस्सा जताया जा रहा है। मप्र स्टेट बार कॉउंसिल ने इसके विरोध में सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया है। कॉउंसिल ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया। इसके अंतर्गत सोमवार को प्रदेशभर के वकील अदालतों में हाजिर नहीं होंगे।

गुंडाराज से मुक्ति चाहिये नहीं तो प्रदेशभर में होगी हड़ताल : आरके सैनी

मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी के द्वारा बताया गया कि तहसील करेरा, जिला शिवपुरी के अधिवक्ता श्री संजय कुमार सक्सेना की न्यायालय जाते समय अधिवक्ता गणवेश में अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसकी मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा घोर निंदा की गई। विदित है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया जा रहा है। श्री सैनी ने बताया कि उक्त घटना को देखते हुये मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सभागार में विशेष सामान्य सभा की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें तहसील अधिवक्ता संघ करेरा, जिला शिवपुरी के अधिवक्ता श्री संजय कुमार सक्सेना की निर्शंस हत्या के संबंध में एवं एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने के संबंध में 16 फरवरी को उच्च न्यायालय समस्त जिला तहसील न्यायालयों में अधिवक्तागण कार्य से विरत रहेंगें। श्री सैनी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को उक्त घटना पर एवं एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने हेतु पत्र प्रेषित कर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है कि प्रदेश के अधिवक्तागणों को सुरक्षा नहीं दी गई तो प्रदेश के समस्त अधिवक्ता मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

गढ़ा में चाकूबाजी दो घायल

जबलपुर। गढ़ा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने चाकूबाजी के साथ मारपीट कर दी जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक रविवार को सोमेश रजक 15 वर्ष निवासी सूपताल आजादनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कक्षा 9 वीं पढ़ाई करता है। शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे घर के सामने रहने वाला उसका दोस्त प्रेम के साथ मोटर सायकल में गढ़ा बजार पूजा का सामान लेने गया था और दोनों वापस आ रहे थे जैसे ही घर के पास पहुंचे तो मोहल्ले के रहने वाले श्याम बर्मन एवं शहबाज खान मिले दोनों उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों उसके साथ मारपीट कर करने लगे। श्याम बर्मन ने चाकू निकाला तो उसने चाकू पकड़ लिया जिससे गदेली में चोट आ गई।

4, 800 नशीले कप सिरप पकड़ाए

जबलपुर। क्राईम ब्रांच एवं माढ़ोताल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई 40 कार्टून में 4 हजार 800 बाटल मेक्काटस कप सिरफ (कोडीन) फासपेट कीमती 8 लाख 64 हजार रूपये के जप्त किए है।

टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि व्हीआरएल ट्रांसपोर्ट कटंगी रोड टाटा शोरूम के पास प्रतिबंधित कफ सिरप रखी हैं, सूचना पर काईम ब्रांच एवं थाना माढ़ोताल व ड्रग निरीक्षक देवेन्द्र जैन के साथ संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान कटंगी रोड स्थित टाटा शोरूम के पास दबिश दी गई वी.आर.एल. ट्रांसपोर्ट के केशियर सुमित यादव पिता संतोष यादव 25 वर्ष निवासी चुंगी नाका साई डेयरी के पास किराये का मकान से प्रतिबंधित मैक्का टस कफ सिरप के भेजने वाली फर्म एवं मांगने वाले के संबंध में जानकारी प्राप्त ट्रांसपोर्ट से बिल, बिल्टी, जीएसटी इनवाईस प्राप्त की गयी जिसमें मैक्काक्योर फार्माशिस्ट खसरा नम्बर 1890 मौजा अरकेडिया ग्रान्ट पांचावाटून प्लाट नम्बर 5 सुमेरू बिहार शिमला वायपास रोड देहरादून उत्तराखण्ड से हिमांशु झा के द्वारा प्रतिबंधित मैक्का-टस कफ सिरप की 40 कार्टून (पेटियां) को मेसर्स सचिन मेडिकोज ग्राम गुबरा थाना जबेरा जिला दमोह के नाम से बुक करवाया गया है। प्रतिबंधित मैक्का-टस कफ सिरफ रखने के संबंध में व्ही.आर.एल. ट्रांसपोर्ट कटंगी रोड़ शौरूम के पास माढ़ोताल से जानकारी प्राप्त की गई जिस संबंध में केशियर सुमित यादव से पूछताछ कर बताया कि उक्त माल के संबंध में मेसर्स सचिन मेडिकोज के मोबाइल नम्बर में माल ले जाने के लिये मोबाइल फोन से सम्पर्क किया गया जिनके द्वारा मोबाइल से पुन: कॉल कर बताया गया कि सोमवार को माल की डिलेवरी लेने कहा गया था। लगभग 8 लाख 64 हजार रूपये की जप्त करते हुये सुमित यादव, मेसर्स सचिन मेडिकोज ग्राम गुबरा थाना जबेरा जिला दमोह, हिमांशु झा, मैसर्स मैक्काक्योर फार्माशिस्ट देहरादून उत्तराखण्ड के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

मनमर्जी | प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 के बाहर चालकों की मनमानी

बीच सड़क पर ऑटो-ई-रिक्शा खड़ा कर बैठा रहे सवारी

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 के बाहर इन दिनों ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर है। चालक अपने वाहन सड़क के बीचों-बीच खड़े कर सवारियां भरते हैं, जिससे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

अव्यवस्थित पार्किंग के कारण न केवल पैदल यात्रियों की आवाजाही बाधित हो रही है, बल्कि चौराहे से गुजरने वाले अन्य वाहन भी जाम जैसी स्थिति में फंस जाते हैं। खासकर सुबह और शाम के व्यस्त समय में हालात और बिगड़ जाते हैं।

अंदर बना स्टैंड लेकिन बाहर कब्जा

प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर ऑटो ई-रिक्शा चालकों के लिए अंदर पार्किंग स्टैंड बना हुआ है, जहां पर वह सवारी को बैठाकर जा सकते हैं। बावजूद उसके वह सड़क पर ही अपना कब्जा जमाए बैठे हैं और यहीं सवारी का इंतजार करते हैं,जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है।

घमापुर यातायात पुलिस की कार्रवाई बेअसर

जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले घमापुर यातायात पुलिस ने यहां अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की थी, लेकिन वह अस्थायी साबित हुई। कार्रवाई थमते ही दोबारा वही अव्यवस्था लौट आई। राहगीरों एवं यात्रियों ने मंग की है कि यातायात पुलिस नियमित गश्त और सख्त चालानी कार्रवाई सुनिश्चित करे।